प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि सोलन शहर में पानी की क्षमता बढ़ाने के लिए सरकार और अधिक पेयजल भण्डारण टैंकों का निर्माण करेगी। स्वास्थ्य मंत्री आज सोलन शहर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों के उद्घाटन के उपरांत बोल रहे थे। उन्होंने सोलन शहर के लिए 12 लाख लीटर के जल भण्डारण टैंक का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इस टैंक के आरंभ हो जाने से शहर में पानी की समस्या कुछ हद तक कम होगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार आर्थिक संकट के बावजूद विकास कार्यों को लगातार प्राथमिकता दे रही है।

भाजपा

प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल ने प्रदेश सरकार पर राज्य स्तरीय हरोली उत्सव का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया है। राकेश जम्वाल ने आज शिमला में कहा कि ये कार्यक्रम पूरी तरह से सरकारी है लेकिन इसके बावजूद सरकार ने इसे कांग्रेस के राजनीतिक मंच में बदल दिया है। उन्होंने इसे सरकारी तंत्र का दुरूपयोग करार दिया। राकेश जम्वाल ने कहा कि इस सरकारी उत्सव के समापन के लिए कांग्रेस प्रभारी को आमंत्रित करना प्रशासनिक निष्पक्षता पर कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा संवैधानिक पदो के दुरूपयोग, प्रशासनिक गिरावट और राजनीतिकरण को जनता के सामने लाएगी।

फीस बढ़ौतरी

छात्र संगठन एस.एफ.आई ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में फीस बढ़ौतरी का विरोध किया है। छात्र संगठन के प्रदेश सचिव सन्नी सिक्टा ने आज शिमला में कहा कि फीस वृद्धि छात्रों के भविष्य पर सीधा हमला है। उन्होंने विश्वविद्याल के फीस बढ़ौतरी के फैसले को पूरी तरह मनमाना और छात्र विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि फीस वृद्धि के नाम पर सरकार शिक्षण संस्थानों को कमजोर कर रही है और निजी संस्थानों को बढ़ावा दे रही है। छात्र नेता ने फीस बढ़ौतरी को तुरंत वापिस लेने और विश्वविद्यालय को पर्याप्त आर्थिक सहायता देने की मांग की।

सूही मेला

चंबा वासियों की प्यास बुझाने के लिए अपने प्राणों की बलि देने वाली रानी सुनयना की पावन स्मृति में मनाया जाने वाला ऐतिहासिक सूही मेला आज धूमधाम के साथ आरंभ हो गया। तीन दिन तक चलने वाले इस पारम्परिक मेले का शुभारंभ राजमहल परिसर में रानी सुनयना की प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजा–अर्चना के साथ हुआ। इस मौके पर राज परिवार की सदस्य व पूर्व मंत्री आशा कुमारी ने कहा कि ये मेले ऐतिहासिक है और इसे भविष्य में राज्य स्तर का दर्जा दिया जाएगा।

मान्यता है कि रियासत काल में चंबा में पानी की भयंकर कमी हो गई थी तभी रानी सुनयना को स्वप्न में संकेत मिला की राजघराने की सदस्य के बलिदान से ही जल संकट समाप्त होगा। इसके बाद रानी सुनयना ने स्वयं बलिदान देने का निर्णय लिया और मलूण में समाधि ली। कहा जाता है कि उनके बलिदान के बाद वहां जलधारा फूटी, जिसका उपयोग आज भी स्थानीय लोग करते हैं।

आरबीआई–उत्कर्ष 2029

भारतीय रिज़र्व बैंक ने अप्रैल 2026 से मार्च 2029 की अवधि के लिए अपना मध्यम–अवधि के लिए रणनीति रूपरेखा उत्कर्ष 2029 जारी की है। इस रूपरेखा का उद्देश्य संस्था में व्यावहारिक उत्कृष्टता लाना है। एक बयान में आरबीआई ने कहा कि इस रूपरेखा में छह रणनीतिक स्तंभ शामिल हैं, प्रत्येक स्तंभ में व्यापक, दूरदर्शी और मध्यम–अवधि के 49 लक्ष्य शामिल हैं, जिनमें नियमन, समावेशन, बाजार विकास, प्रौद्योगिकी, संगठनात्मक क्षमता और वैश्विक एकीकरण शामिल हैं। इसका उद्देश्य एकीकृत ऋण इंटरफ़ेस–यूएलआई को व्यापक बनाना है ताकि ऋण तक पहुंच बढ़ाई जा सके और वित्तीय क्षेत्र में एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए नियामक ढांचे को मजबूत किया जा सके।

मौसम

प्रदेश में मौसम ने एक दिन साफ रहने के बाद फिर से करवट बदल ली है। जनजातीय जिला लाहौल स्पीति और कुल्लू की ऊंची पहाड़ियों पर आज सुबह से ही रूक रूक कर हिमपात हो रहा है। ताजा हिमपात के कारण लाहौल स्पीति और कुल्लू के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में लोगों को अभी भी कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। अटल टनल रोहतांग के दोनों ओर आज रूक रूक कर बर्फबारी की सूचना है। ये बर्फबारी पर्यटन उद्योग के लिए काफी फायदेमंद मानी जा रही है हालांकि इससे सेब सहित अन्य फसलों को नुकसान भी हो रहा है। हमीरपुर ज़िला में भी आज सुबह कई स्थानों पर वर्षा हुई। राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं।